Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◘ अंक- 109 ◘ रायपुर, बुधवार 13 मई 2026 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया ● रायपुर ● जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

ज्वेलरी शॉप से लाखों की चोरी का मामला

पुलिस को देख नाबालिग आरोपी ने की आत्महत्या, इलाके में मचा हड़कंप

रायपुर, 13 मई (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर के शंकर नगर इलाके में स्थित लक्ष्य ज्वेलर्स में लाखों रुपये की चोरी के मामले में एक बड़ा और गंभीर मोड़ सामने आया है। चोरी के मामले में नाम सामने आने के बाद एक नाबालिग आरोपी ने पुलिस की कार्रवाई के दौरान कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग को पहले ही हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ जारी है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम जब आरोपी के घर जांच और पूछताछ के लिए पहुंची, उसी समय नाबालिग घर के अंदर मौजूद था। पुलिस को घर के बाहर देखकर वह घबरा गया और तुरंत अपने कमरे में चला गया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और कुछ ही समय बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जैसे ही घटना की जानकारी सामने आई, इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस महकमे में भी हलचल तेज हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी मयंक गुर्जर समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए इलाके को घेर लिया गया और प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई। बताया जा रहा है कि नाबालिग मृतक के विरुद्ध पूर्व में चोरी, चाकूबाजी, मारपीट समेत आधा दर्जन अपराध दर्ज हैं।

फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर घटनाक्रम किस तरह से हुआ। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि क्या आरोपी पर किसी तरह का दबाव था या घटना के पीछे अन्य कोई कारण भी जुड़ा हुआ है। पुलिस ने मामले को संवेदनशील मानते हुए आगे की जांच तेज कर दी है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पड़ताल की जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव और चर्चा का माहौल है। लोग इस घटना को लेकर अलग-अलग सवाल उठा रहे हैं, जबकि पुलिस फिलहाल किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक प्रार्थी वंश कुमार मुरपानी ने थाना खम्हारडीह में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह लोधीपारा रोड शंकर नगर स्थित लक्ष्य ज्वेलर्स नाम से दुकान संचालित करता है। 9 मई की रात दुकान बंद कर घर जाने के बाद 11 मई की सुबह जब दुकान खोलने गए तो शटर के दोनों ताले टूटे मिले और अंदर रखे सोने-चांदी के जेवरात, सिक्के और बिस्किट गायब थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने स्वयं घटना स्थल का निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों को आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इसके बाद 40 सदस्यीय विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस ने 300 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले और 50 से ज्यादा पुराने चोरी एवं नकबजनी के आरोपियों की तस्दीक की। तकनीकी विश्लेषण और लगातार निगरानी के बाद पुलिस ने घटना के 10 घंटे के भीतर एक नाबालिग आरोपी को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। साथ ही उसने थाना मंदिर हसौद क्षेत्र के हर्ष ज्वेलर्स में चोरी और अभनपुर क्षेत्र के ज्वेलर्स दुकान में चोरी के प्रयास की बात भी कबूल की है। पुलिस के अनुसार मामले में शामिल अन्य आरोपी फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद अन्य बड़ी चोरी की घटनाओं का भी खुलासा हो सकता है। मामले में थाना खम्हारडीह में अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

छत्तीसगढ़ भाजपा कोर ग्रुप का पुनर्गठन

डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा और वित्त मंत्री ओपी चौधरी की एंट्री, बृजमोहन, रामविचार और गौरीशंकर बाहर

रायपुर, 13 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन में बड़ा रणनीतिक बदलाव देखने को मिला है। पार्टी नेतृत्व ने प्रदेश की नई कोर कमेटी का गठन करते हुए वरिष्ठ नेताओं के साथ सरकार के प्रमुख चेहरों को इसमें शामिल किया है। नई टीम का गठन राष्ट्रीय नेतृत्व की सहमति के बाद किया गया। प्रदेश भाजपा की इस अहम निर्णय लेने वाली समिति में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, दोनों उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा के साथ वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी को भी स्थान दिया गया है। कोर रूप में संगठनात्मक अनुभव रखने वाले नेताओं को भी जिम्मेदारी दी गई है। इनमें क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश महामंत्री पवन साय, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, वरिष्ठ नेता लता उसेंडी, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा और

डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी शामिल हैं। नई सूची में कई बड़े नेताओं को कोर रूप से बाहर कर दिया गया है। पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश सरकार में मंत्री रामविचार नेताम और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल को इस बार कोर कमेटी में जगह नहीं मिली है। राजनीतिक गलियारों में इसे संगठन के भीतर नई रणनीति और पीढ़ीगत संतुलन के रूप में देखा जा रहा है। आज हुई बैठक के दौरान पार्टी की आगामी कार्ययोजना, संगठन विस्तार और भविष्य के कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही आने वाले राजनीतिक अभियानों और कार्यसमिति से जुड़े मुद्दों पर भी रणनीति बनाई गई।

कन्नड़ अभिनेता दिलीप राज का निधन

नई दिल्ली, 13 मई (न्यूज चैनल)। इंडस्ट्री से फिर एक बार बड़ी दुखदायी खबर सामने आई है। कन्नड़ के मशहूर अभिनेता और निर्माता दिलीप राज ने 48 की उम्र में दुनियां को अलविदा कह दिया है। उनके मौत की वजह दिल का दौरा बताई जा रही है। बुधवार सुबह अचानक दिल का दौरा पड़ने से उन्हें अचानक हॉस्पिटल ले जाया गया, जिसके बाद उनका निधन हो गया। इस खबर को सुनते ही पूरे कन्नड़ इंडस्ट्री में शौक की लहर है। बता दें कि दिलीप राज एक एक्टर के साथ-साथ प्रोड्यूसर भी थे। सोशल मीडिया पर हर तरफ उनके ही चर्चे हैं, हर कोई उनको श्रद्धांजलि दे रहा है।

ब्रेकिंग न्यूज

फ्लोर टेस्ट में थलापति को मिली 'विजय', टीवीके को मिला 144 विधायकों का समर्थन

नई दिल्ली, 13 मई (न्यूज चैनल)। तमिलनाडु की टीवीके सरकार ने विधानसभा में बहुमत साबित कर दिया है। बुधवार को हुए विश्वास मत में मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व वाली सरकार को 144 विधायकों का समर्थन मिला। 234 सदस्यीय सदन में 22 विधायकों ने सरकार के खिलाफ मतदान किया, जबकि पांच सदस्य वोटिंग में शामिल नहीं हुए। फ्लोर टेस्ट के दौरान कई विपक्षी और सहयोगी दलों ने खुलकर टीवीके सरकार को समर्थन देने का एलान किया। कांग्रेस ने विधानसभा में विश्वास मत के दौरान विजय सरकार का समर्थन करने की घोषणा की। वहीं सीपीआईएम ने भी सदन में टीवीके सरकार के पक्ष में खड़े होने की बात कही। सीपीआई ने भी टीवीके सरकार को समर्थन देने की घोषणा की।

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, अब प्रधानमंत्री से लेकर राज्य के मंत्री तक के सदस्यों ने अपना काफिला घटा दिया है।

चुहिया- हां जी, मंत्रियों को तो साइकल से दफ्तर आना जाना चाहिए।

सिलेंडर ब्लास्ट से चार लोग जिंदा जले: पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, बिजली विभाग को बताया हादसे का जिम्मेदार

दुर्ग, 13 मई (हाईवे चैनल)। कुम्हारी में हुए सिलेंडर ब्लास्ट हादसे के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित कई स्थानीय कांग्रेस नेता मौजूद रहे। भूपेश बघेल ने हादसे को लेकर बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण चार लोगों की जान गई है। जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। भूपेश बघेल ने राज्य सरकार से हादसे में मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती से आम जनता परेशान है। मेंटेनेंस के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। ऐसी घटनाएं प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। सरकार को जवाबदेही तय करनी चाहिए। हादसे के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में मंगलवार दोपहर सिलेंडर ब्लास्ट होने से एक ही परिवार के चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतकों में 2 बहनें, पिता और एक डेढ़ साल की बच्ची शामिल है। पूरा मामला कुम्हारी थाना क्षेत्र के खपरी गांव का है। जानकारी के मुताबिक बिजली खंभे में शॉर्ट सर्किट से मकान में आग लगी। खंभे के नीचे घर के प्लास्टिक और तिरपाल से बने छपर में लगी आग फैलते हुए कोचन तक जा पहुंची, जिससे गैस सिलेंडर फट गया। धमाका इतना जोरदार था कि आग की लपटों ने पूरे मकान को चपेट में ले लिया। घर के अंदर मौजूद परिवार के सदस्य बाहर निकल नहीं सके और जिंदा जल गए।

आसपास के लोगों ने धमाके की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग काफी फैल हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घर के अंदर से 4 लोगों के शव बरामद किए गए हैं। घटना की सूचना पर सांसद विजय बघेल, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, एसएसपी विजय अग्रवाल, कलेक्टर अभिजीत सिंह और जिला प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिस वक्त हादसा हुआ, उस समय घर में 2 बहनें चांदनी वैष्णव (18 वर्ष), लक्ष्मी वैष्णव (20 वर्ष) और डेढ़ साल की गोपिका वैष्णव भी मौजूद थीं। घर में दोनों बहनों के पिता अनिल वैष्णव (45 वर्ष) भी मौजूद थे।

बाघ को मारकर खाल निकालने शिकारियों से किया गया सौदा, शिकार के पूर्व ही 7 आरोपी गिरफ्तार

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व टीम द्वारा बड़ी वन्यजीव अपराध साजिश का पर्दाफाश

धमतरी 13 मई (हाईवे चैनल)। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व टीम द्वारा एक बड़ी वन्यजीव अपराध साजिश का पर्दाफाश करते हुए टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघ के शिकार की योजना को विफल किया गया है। वन विभाग को प्राप्त गोपनीय सूचना के अनुसार ओडिशा राज्य के नुआपाड़ा जिला के कुछ व्यक्तियों द्वारा उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघ का शिकार करने की साजिश की जा रही थी। सूचना प्राप्त होते ही उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद की एंटी पोचिंग टीम द्वारा सतर्कता बढ़ाते हुए निगरानी एवं जांच प्रारंभ की गई। कार्रवाई के दौरान 9 मई को आरोपी रमन हेरना पिता केदार हेरना उम्र लगभग 76 वर्ष, जाति राउत ग्राम खिपरीमाल थाना सिनापाली जिला नुआपाड़ा ओडिशा को पकड़ा गया जिससे चीतल का सींग जप्त हुआ। आरोपी रमन हेरना के विरूद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में रमन हेरना ने बताया कि उसने ग्राम कोसमखुंटा निवासी हिंगुल रावत नामक व्यक्ति को बाघ की खाल उपलब्ध कराने का ठेका दिया था। रमन हेरना के अनुसार हिंगुल रावत ने आश्वासन दिया था कि वह बाघ को जहर, तीर

कमान से मारने की योजना बनाएगा तथा यूएसटीआर सीमा से लगे ओडिशा के कटफड़ गांव के 6-7 लोगों को इस कार्य में लगाएगा। यूएसटीआर की एंटी पोचिंग टीम 10 मई को रमन हेरना को ग्राम कोसमखुंटा लेकर गई, जहां उसने उस व्यक्ति की पहचान की जिसने उसे बाघ की खाल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। इसी दिन दिनांक 10 मई को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की पेट्रोलिंग टीम द्वारा ग्राम कटफड़ ओडिशा के 6 व्यक्तियों द्वारा परिक्षेत्र कुल्हाड़ीघाट के अंतर्गत् स्थित रानीबरझोला नाला में अवैध प्रवेश कर बाघ एवं हाथी विचरण क्षेत्र में शिकार के उद्देश्य से नाला के पानी को जहरीला कर शिकार करते पकड़ा गया एवं जहर की शीशी, मृत मछलियां केकड़े जप्त किये गये। मामला दर्ज कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया एवं जहर को फॉरेंसिक टीम की मदद से पुलिस एफएस.एल लैब रायपुर भेजा जा रहा है. आरोपी रमन हेरना एवं कटफड़ ग्राम (ओडिशा) के 6 आरोपियों - बुधराम पहरिया, अनंतराम पहरिया, मनलाल पहरिया, दिगसन पहरिया, धनु चिड़ा और मधुराम पहरिया सभी निवासी कटफड़ (ओडिशा) को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, राजिम, छत्तीसगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायालय द्वारा आरोपियों को 14 दिवस की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव का निधन, लखनऊ के अस्पताल में ली अंतिम सांस



नई दिल्ली, 13 मई (न्यूज चैनल)। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव का निधन हो गया है। प्रतीक यादव ने राजधानी लखनऊ के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली है। उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उन्हें आनन फानन में अस्पताल में एडमिट किया गया लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ है। उनके निधन की खबर सामने आते ही राजनीतिक और सामाजिक हलकों में शोक की लहर दौड़ गई। खबर मिलते ही नेताओं और जान-पहचान वालों का लखनऊ के सिविल अस्पताल में पहुंचना शुरू हो गया है। हालांकि अभी तक परिवार की ओर से आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। समाजवादी पार्टी ने अपने एक्स पर पोस्ट कर दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि प्रतीक यादव का निधन अत्यंत दुखद- सपा ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। बता दें कि प्रतीक यादव देश के सबसे बड़े राजनीतिक परिवारों में से एक यादव परिवार के छोटे बेटे थे। वे समाजवादी पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के बेटे थे हालांकि, वे राजनीति से हमेशा दूर रहे। प्रतीक लखनऊ स्थित 'फिटनेस प्लैनेट' जिम के मालिक थे और जीव आश्रय नाम की संस्था भी चलाते थे।

देशवासियों से अपील के बाद पीएम मोदी ने अपने काफिले का आकार घटाया, ई-वाहन शामिल होंगे

नई दिल्ली, 13 मई (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने काफिले का आकार काफी कम कर दिया है। यह कदम उनकी हालिया घरेलू यात्रा के दौरान लागू किया गया। वाहनों की संख्या में कमी की गई है। लेकिन एसपीजी प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखा गया है। हैदराबाद में दिए गए उनके भाषण के तुरंत बाद गुजरात और असम में भी काफिले का आकार घटा दिया गया था। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा है कि जहां संभव हो, उनके काफिले में इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल किया जाए, लेकिन इसके लिए नए वाहन नहीं खरीदे जाएं। खर्चों में कटौती का यह अभियान अब भाजपा शासित राज्यों में दिखाई दे रहा है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित अन्य नेताओं ने भी अपने काफिलों में वाहनों की संख्या घटाने का निर्णय लिया है। बढ़ती ईंधन खपत और वैश्विक हालात को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने मंगलवार को अपने और मंत्रियों के काफिलों में तुरंत 50 फीसदी कमी करने के निर्देश दिए हैं।

गृह मंत्री अमित शाह ने घटाया काफिले का आकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने काफिले में शामिल होने वाली गाड़ियों की संख्या को घटाकर अब आधा से भी कम कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया के संकट के बीच ईंधन बचाने और संसाधनों का सही इस्तेमाल करने के लिए सात अपील की थीं। इसी सिलसिले में यह फैसला लिया है। सरकार अब इस बात पर जोर दे रही है कि सुरक्षा के सभी जरूरी नियमों का पालन करते हुए भी संसाधनों की बचत की जा सकती है। गृह मंत्री अमित शाह के काफिले से गाड़ियां कम करने का फैसला इसी कोशिश का हिस्सा है। इससे उनकी सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ेगा, बल्कि ईंधन के अनावश्यक खर्च को रोका जा सकेगा।

मुख्यमंत्री साय ने काफिले में की कटौती, मंत्रियों और निगम-मंडलों पदाधिकारियों के साथ प्रदेश वासियों से भी किया संयमित उपयोग का आग्रह

रायपुर, 13 मई (हाईवे चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रहित में ईंधन संरक्षण एवं संसाधनों के संयमित उपयोग को लेकर आह्वान किया है. इस परिपेक्ष्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने काफिले में कटौती की है. इसके साथ उन्होंने मंत्रियों और निगम-मंडलों के पदाधिकारियों के साथ प्रदेशवासियों से वाहनों के संयमित उपयोग का आग्रह किया है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने काफिले में 5 गाड़ियों की कटौती की है. अब काफिले में 13 की जगह केवल 8 गाड़ियां चलेंगी. इसके साथ उन्होंने जल्द की काफिले में ईवी गाड़ियों को भी शामिल करने की बात कही है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया पर किए अपने पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का जिक्र करते हुए कहा कि आज समय की मांग है. वैश्विक ऊर्जा संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों के इस कठिन दौर में पेट्रोल-डीजल जैसे मूल्यवान संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करना हम सभी का राष्ट्रीय दायित्व है. इसी भावना से प्रेरित होकर, मेरे आधिकारिक भ्रमणों के दौरान अब केवल अत्यावश्यक वाहनों को ही कारकेड में शामिल किया जाएगा. मैंने मंत्रीगणों तथा विभिन्न निगम-मंडलों के पदाधिकारियों से भी वाहनों एवं अन्य सरकारी संसाधनों के संयमित उपयोग का आग्रह किया है।

बम बनाने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता, आरोपी विनय देवांगन गिरफ्तार

रायपुर, 13 मई (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में बम बनाने से जुड़े मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी विनय देवांगन को गिरफ्तार कर लिया है। खमतराई थाना क्षेत्र के राबाभाटा इलाके में हुई इस कार्रवाई के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने राहत की सांस ली है।

पुलिस के अनुसार, गुरुवार को राबाभाटा क्षेत्र में संदिग्ध बैग से बम बनाने की सामग्री मिलने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया था। सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और इलाके को घेराबंदी में लेकर जांच शुरू की गई। बम निरोधक दस्ते की प्रारंभिक जांच में बैग में लो-इंटेंसिटी एक्सप्लोसिव सामग्री और बम निर्माण में उपयोग होने वाले संदिग्ध उपकरण मिलने की पुष्टि हुई थी। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज कर दी। लगातार जांच और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी विनय देवांगन को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि आरोपी से खमतराई इलाके में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में पूछताछ की जा रही है। घटना के सामने आने के बाद राबाभाठा और आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल बन गया था। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए संदिग्ध स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी थी।